आई दिवाली खुशियों वाली | By Rity Karki |

आई दिवाली खुशियों वाली
घर में दीप जलाएंगे
लक्ष्मी माँ के साथ साथ हम
गणपति को भी मनाएंगे
आई दिवाली .....

भक्तों के हर कष्ट मिटाते
हैं श्री देव गजानंद
लक्ष्मी माता धन दे कर कर
की है घर में आनंद
इनके आशीर्वाद का अमृत
आज सभी हम पाएंगे
लक्ष्मी माँ के साथ साथ हम
गणपति को भी मनाएंगे
आई दिवाली खुशियों वाली
घर में दीप जलाएंगे
लक्ष्मी माँ के साथ साथ हम
गणपति को भी मनाएंगे

कमल पुष्प पर धन की देवी
लक्ष्मी माता विराजे
मूषक पर शिव गौरा नंदन
देव गणेशा साजे
श्रद्धा भाव से बड़े चाव से
इन दोनों को रिझाएंगे
लक्ष्मी माँ के साथ साथ हम
गणपति को भी मनाएंगे
आई दिवाली खुशियों वाली
घर में दीप जलाएंगे
लक्ष्मी माँ के साथ साथ हम
गणपति को भी मनाएंगे

मन की सारी इच्छाएँ अब
तो पूरी हो जाएँगी
देव गजानंद के संग लक्ष्मी
मैया घर आएँगी
सच्चे मन से लक्ष्मी गणेश की
आरती शर्मा गाएंगे
लक्ष्मी माँ के साथ साथ हम
गणपति को भी मनाएंगे
आई दिवाली खुशियों वाली
घर में दीप जलाएंगे
लक्ष्मी माँ के साथ साथ हम
गणपति को भी मनाएंगे

%e0%a4%b2%e0%a5%80-
%e0%a4%96%e0%a5%81%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-
%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-rity-karki/